PRINT

# दैनिक भास्कर (Dainik Bhaskar)

| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 17685 |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 01.10.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) 02 | क्रम सं. (Serial No.) 10 |


### समारोह में दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

## आईपीएस प्रवीर रंजन ने संभाला सीआईएसएफ डीजी का कार्यभार

**भास्कर न्यूज | नई दिल्ली**

आईपीएस प्रवीर रंजन ने मंगलवार को सीआईएसएफ के महानिदेशक (डीजी) का पदभार ग्रहण किया। वे सीआईएसएफ के 32वें महानिदेशक हैं। रंजन एजीएमयूटी कैडर से भारतीय पुलिस सेवा के 1993 बैच के अधिकारी हैं तथा अप्रैल 2024 से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। सीआईएसएफ के महानिदेशक के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले उन्होंने बल के संवेदनशील एयरपोर्ट सिक्योरिटी क्षेत्र का नेतृत्व विशेष महानिदेशक के रूप में किया है।

32 वर्षों के अपने विशिष्ट करियर में प्रवीर रंजन ने कई प्रमुख पदों पर कार्य किया है, जिनमें स्पेशल सीपी/क्राइम और ईओडब्ल्यू, दिल्ली



पुलिस डीआईजी, सीबीआई, केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर सीआईएसएफ में एडीजी के रूप में शामिल होने से पहले वे चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक (19 अगस्त 2022 से 15 मार्च 2024) का कार्यभार भी संभाल चुके है। उन्हें विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक (2016) और सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक (2009) से सम्मानित किया गया है।